## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा में छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेने की दी सलाह, परीक्षा के दौरान दबाव और तनाव से निपटने के उपाय भी बताये।
- परीक्षा पे चर्चा को लेकर रांची समेत राज्यभर में आयोजित हुआ संवाद सत्र, राज्यपाल ने कहा– प्रधानमंत्री की राय पर करें अमल, अपनी पसंद के क्षेत्र में बढ़ायें रुचि।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रांची समेत राज्य के 14 जिलों में फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान का किया शुभारंभ, कहा– अभियान की सफलता के लिए केन्द्र देगा हर संभव सहयोग।
- जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं कल से, तैयारियां पूरी, राज्य में बनाये गये सभी 21 केन्द्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू।
- राज्यपाल ने रांची में पांच दिवसीय 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का किया शुभारंभ, आठ राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों और सात अर्द्ध सैनिक संगठनों की टीम ले रही हैं हिस्सा।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों से संवाद किया। श्री मोदी ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने और भरपूर नींद लेने की सलाह दी।

******************

परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छात्रों के साथ संवाद सत्र रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय –जिला स्कूल में छात्रों के लिए आयोजित किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बच्चों और शिक्षकों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। राज्यपाल ने छात्रों को नसीहत दी कि वे प्रधानमंत्री की राय पर अमल करते हुए अपनी पसंद के क्षेत्र में रूचि बढ़ाएं और किसी भी परिस्थिति में घबराये बिना आगे बढ़ें।

******************

उपराजधानी दुमका स्थित सिदो–कान्हू उच्च विद्यालय में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुनने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया था। छात्रों और शिक्षकों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र से बेहतर परीक्षा तैयारी के लिए प्रेरित हुए हैं। बोकारो में भी प्रधानमंत्री का यह वार्षिक कार्यक्रम बच्चों ने उत्साहपूर्वक सुना। बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 9 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने कहा कि प्रधानमंत्री को सुनने के बाद परीक्षा को लेकर उनके भीतर की सभी जिज्ञासाएं शांत हो गयी हैं।

******************

उधर, कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित केंद्रीय विद्यालय में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। इस मौके पर बच्चों ने कहा कि पीएम मोदी की बात सुनकर उनका तनाव कम हो गया है।

स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए बहुपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इसका सकारात्मक असर बेहतर परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आएगा।

******************

सिमडेगा जिले के कई शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को काफी लाभदायक बताते हुए कहा कि ठीक परीक्षा से पहले प्रधानमंत्री से मिले

टिप्स से उनका आत्मबल बढ़ा है। उधर, खूंटी के कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बड़े ध्यान से सुना।

******************

जामताड़ा जिले में भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आज परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रेरक और अनुकरणीय बताया।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में 15 फरवरी को शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के लिए रांची पुलिस ने चाक–चौबंद व्यवस्था की है। राष्ट्रपति मुर्मू एयरपोर्ट से सीधे राजभवन जायेंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा तीन लेयर में होगी। रांची में 14 और 15 फरवरी को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया जायेगा।

******************

राज्य के 14 जिलों में आज से फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान की शुरुआत की गयी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने वर्जुअल माध्यम से इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हर संभव वित्तीय और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराये जायेंगे।

******************

झारखंड अधिविद्य परिषद् –जैक के द्वारा ली जाने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कल से शुरू होंगी, जो तीन मार्च तक चलेंगी। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में 9 बजकर 45 मिनट से एक बजे अपराह्न तक होगी जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा 2 बजे अपराह्न से 5 बजकर 15 मिनट तक होगी। राज्य में मैट्रिक के लिए एक हजार तीन सौ पांच और इंटर के लिए सात सौ पंचानवे परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी हैं।

******************

महाकुम्भ जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने कई सारी व्यवस्थाएं की हैं। रांची रेल मण्डल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने मीडिया को बताया कि रेलवे की ओर से कई महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

******************

राजधानी रांची के होटवार स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज से 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट शुरु हो गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इसका उदघाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने तीन नये आपराधिक कानूनों की चर्चा की।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कृषि को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिकों से ज्यादा निष्ठा और समर्पण से काम करने और प्रयोगशाला से बाहर निकलकर किसानों के खेत में ज्यादा समय देने का आह्वान किया है। राज्यपाल आज बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

*******समाप्त*******